हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# फीस बढ़ोतरी और तय दुकान से किताबों की खरीदी के दबाव पर अब कसा जाएगा शिकंजा, निर्देश नहीं मानने पर स्कूल की मान्यता होगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निजी स्कूलों की जारी मनमानी के खिलाफ अब शासन ने सख्त रूख अपना लिया है। पालकों से लगातार आ रही शिकायतों के बीच अब शासन ने मनमानी करने वाली निजी स्कूलों के खिलाफ एक्शन के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर कहा गया है कि किसी भी निजी स्कूल में आठ फीसदी से अधिक फीस की वृद्धि बगैर जिला समिति के ना किया जाए। इसके साथ ही सीबीएसई स्कूलों में एनसीईआरटी किताबों से ही पढ़ाई कराया जाए। गणवेश को लेकर तय दुकान से खरीदी का बनाए जाने वाले दबाव को लेकर भी शिकायत मिलने पर एक्शन की बात कही गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों से निजी स्कूलों के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हो रही थी। कई जिलों में स्थानीय प्रशासन ने अपनी तरफ से सख्ती करने की कोशिशें भी की थी, परन्तु प्रदेश स्तर पर एक्शन लिया जाना जरूरी था। ऐसे में अब प्रदेश के मुख्य सचिव विकासशील द्वारा निर्देश देकर सभी जिलों में सख्त एक्शन लेने कहा गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020 के अनुसार सभी निजी स्कूलों में फीस समिति का गठन अनिवार्य है।

### निर्देश का कराया जाएगा पालन

प्रदेश शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। सभी निजी स्कूलों की बैठक कर उन्हें नियम अनुसार संचालन करने कहा जाएगा। मनमानी करने वाली स्कूलों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। - **पीएस बघेल,** डीईओ

## प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को जारी किए निर्देश



### विभाग करेगा मॉनिटरिंग

प्रत्येक निजी स्कूल में फीस विनियमन समिति का गठन अनिवार्य किया गया है। जिसमें नोडल प्राचार्य भी सदस्य होंगे। नोडल प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी कि स्कूल में फीस से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रिपोर्ट दी जाए। जिला शिक्षा अधिकारी को जिला शुल्क विनियमन समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। उनके माध्यम से निजी स्कूलों की फीस संरचना की निगरानी की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी विद्यालय छत्तीसगढ़ अशासकीय शुल्क अधिनियम का पालन करें। शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई भी निजी विद्यालय नियम विरुद्ध फीस वृद्धि करता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत मान्यता रद्द करने तक की कार्रवाई संभव होगी।

### यह निर्देश किए गए जारी

निर्देश अनुसार कक्षा पहली से आठवीं तक निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू है। यह सभी विद्यार्थियों को शिक्षा सुलभ कराने की दृष्टि से लागू किया गया है। अतः कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें लागू करवाएं, ताकि पालकों पर निजी पुस्तकों का अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए किसी दुकान विशेष से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने बाध्य नहीं किया जाना सुनिश्चित करें। गणवेश एवं स्टेशनरी किसी दुकान विशेष से खरीदने पालकों को बाध्य न किया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत के निपटारे के लिए एक पारदर्शी सिस्टम बनाएं।

# जिले की 92 समितियों में अब भी डेढ़ लाख क्विंटल धान डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान खरीदी का लक्ष्य तो समय पर पूरा कर लिया गया, लेकिन संग्रहण केंद्रों तक धान पहुंचाने की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। आलम यह है कि अप्रैल का महीना खत्म होने को है और अब भी जिले की 92 समितियों में लगभग 1.50 लाख क्विंटल धान उठाव के इंतजार में खुले में पड़ा है। इस लेटलतीफी को देखते जिला प्रशासन अब सख्त रूख अपना रहा है और समीक्षा बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि इस खरीफ वर्ष राजनांदगांव जिले में रिकॉर्ड 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। शासन की मंशा थी कि बारिश शुरू होने से पहले समितियों से धान का शत-प्रतिशत उठाव कर लिया जाए, ताकि किसानों और समितियों को नुकसान न हो। इसके लिए धान खरीदी नीति के साथ परिवहन को लेकर भी निर्देश जारी किए गए थे। इसमें 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित किए जाने कहा गया था, लेकिन इसके बाद भी जिले में अब तक शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र धान उठाव एवं मिलिंग के लिए जिले के कुल 82 राईस मिलर्स से अनुबंध किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले साल का चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स से इस बार अनुबंध नहीं किया गया है। वहीं चार ट्रांसपोर्टर से भी इस बार उठाव के लिए अनुबंध किया गया है। मिलर्स और ट्रांसपोटर्स उठाव कार्य में जुटे हुए हैं।

### खास बातें

- प्रशासन ने सभी समितियो की बैठक लेना किया शुरू
- 31 मार्च तक होना था उठाव, अब भी समितियों में शेष
- 92 समितियों की ली जा रही बैठक



### सख्ती के लिए समीक्षा बैठक

धान उठाव की धीमी गति को लेकर कलेक्टर जितेंद्र यादव ने संबंधित अधिकारियों और राइस मिलर्स की आपात बैठक बुलाई है। प्रशासन इस बात की समीक्षा कर रहा है कि आखिर किन कारणों से इन 92 समितियों में उठाव अटका हुआ है। इस बीच 24 से 29 अप्रैल के बीच 92 समितियों को छह अलग-अलग समूहों में बांटकर बैठक की जा रही है। इसमें यह देखा जा रहा है कि उठाव के लिए क्या मिलर्स को समय पर आदेश जारी हुए? ट्रकों की उपलब्धता और परिवहन संघों की भूमिका, जिन मिलर्स ने अनुबंध के बावजूद धान नहीं उठाया, उन पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि जल्द शत प्रतिशत उठाव की कोशश की जा रही है।

### मौसम की मार की भी चिंता

देरी का सीधा असर समितियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। धूप और बढ़ते तापमान के कारण धान के वजन में कमी यानी सूखत आने की आशंका है। जिसका खामियाजा समितियों को भुगतना पड़ता है। इसके अलावा यदि समय रहते उठाव नहीं हुआ तो आगामी मानसूनी फुहारें इस खुले में रखे स्टॉक को खराब कर सकती है। ऐसे में प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि आगामी कुछ दिनों के भीतर यदि उठाव में तेजी नहीं आई तो परिवहनकर्ताओं और संबंधित नोडल अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। अब देखना यह है कि क्या मई की शुरूआत से पहले जिले की ये समितियां जीरो शॉर्टेज के लक्ष्य को प्राप्त कर पाती हैं या नहीं।

# बाइक में ले जा रहे थे साढ़े 5 किलो गांजा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बाइक में रखकर अवैध रूप से गांजा परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे गांजा बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उप पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) सुमन जायसवाल एवं निरीक्षक संतोष जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी। इस दौरान 23 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर जेल रोड चौथान मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी मोहित उर्फ मोंटू मालेकर एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाइक से गांजा परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 5.610 किलोग्राम गांजा एवं बाइक जब्त कर विधिवत कार्रवाई करते आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।




### खबर संक्षेप

#### बाइक में शराब ले जाते पकड़े गए कोचिए



**राजनांदगांव।** दो प्रकरण में बाइक से अवैध रूप से शराब परिवहन करते मिलने पर घुमका पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। शराब परिवहन में प्रयुक्त दोनों बाइक को जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 अप्रैल को घुमका से ग्राम पटेवा की ओर व ग्राम हरडुवा अलग-अलग दिशा की ओर बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव मंजुलता बाज के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व में थाना घुमका से अलग-अलग टीम बनाकर मुखबीर के बताए अनुसार वाहन को रोककर चेक किया गया। पुलिस के मुताबिक बाइक हीरो एचएफ डीलक्स के डिक्की में रखे 20 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रुपए एवं पैशन प्रो बाइक की डिक्की में रखे 18 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन कीमती 1440 रुपए एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त दोनों बाइक को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी राजकुमार वर्मा उर्फ राजू 48 साल निवासी बोटेपार व संतकुमार पारधी 41 साल निवासी बोईरडीह के विरूद्ध थाना घुमका में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।






## खबर संक्षेप

### वेद विज्ञान में दीक्षांत समारोह आज

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। प्रातः 9 बजे लोगों की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। तत्पश्चात परीक्षा परिणाम घोषणा किया जाएगा। विद्यालय समिति ने पालक एवं ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

### नागसेन बुद्ध विहार से निकली मोटर साइकिल रैली

**डोंगरगढ़।** नागसेन बुद्ध विहार से गत दिनों मोटरसाइकिल रैली निकाला गया। रैली भीमनगर, राजीव नगर, संजय नगर, आंबेडकर नगर एवं केदारबाड़ी होते हुए इंदिरा नगर पहुंची। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। अनिल सहारे ने आकर्षक झांकी का आयोजन किया। रैली में लगभग 2000 मोटरसाइकिलों पर सवार शामिल हुए। अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत रितिक सहारे, प्रजेश सहारे, अनिल सहारे, सीमा सहारे, मेघा सहारे एवं अपाला सहारे ने किया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भंते नागरतन, सारिपुत्र, कल्याण बोधि भिखुनी आदि ने शांति के लिए वंदना की।



### राजित अच्छे अंको से उत्तीर्ण



**डोंगरगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र राजित लाउत्रे ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजित के पिता मिलिन्द्र लाउत्रे ने बताया कि वह बचपन से पढ़ाई में तेज है। राजित ने अपनी सफलता का श्रेय पिता मिलिन्द्र लाउत्रे, माता संगीता लाउत्रे एवं गुरुजनों को दिया है। स्कूल के प्राचार्य संजय कुमार सिंह सहित सभी शिक्षकों ने उसे बधाई दिया है।

### नलकूप खनन पर जून तक प्रतिबंध

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ पेय जल परिरक्षण अधिनियम से प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 जून तक नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस अवधि में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति नलकूप खनन नहीं कर सकेगा। इसके अंतर्गत पेयजल अथवा अन्य प्रयोजन के लिए नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। शासकीय विभाग जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिले में नया नलकूप खनन कर सकेगा।

### रात्रिकालीन चैम्पियंस लीग का आगाज

**पटेवा।** इरईकला में चैम्पियन लीग सांसद ट्रॉफी स्पर्धा का शुभारंभ हो गया है। यह आयोजन 22 से 29 अप्रैल तक चलेगा। स्पर्धा में पहला इनाम 1.50लाख, दूसरा 80हजार रखा गया है। ग्राम में आईपीएल की तर्ज आयोजन दूसरी बार हो रहा है,। शुभारंभ सरपंच ललित साहू के सानिध्य में किया गया। इस दौरान श्यामलाल साहू, लतमार साहू, बंशी साहू, जयराम साहू, राधेश्याम साहू, डाकेश्वर प्रसाद साहू, हेमंत साहू, नवीन साहू, हिमांशु, कृष्णकांत साहू आदि उपस्थित थे। सरपंच श्री साहू ने क्षेत्रवासियों से शामिल होने का आव्हान किया है।



### रैली में शामिल हुई महिलाएं

**चौकी।** जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा के मार्गदर्शन में क्षेत्र की महिलाओं ने रायपुर जाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित रैली में हिस्सा लिया। सोमवार को रायपुर में आयोजित रैली में अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर, गोटाटोला एवं कौड़ीकसा मंडल की महिलाएं शामिल हुई। महिलाओं की रवानगी के दौरान अवधेश त्रिपाठी, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सारस्वत, गुलाब गोस्वामी, अम्बर जोशी, देव नारायण कुंभकार सहित अन्य मौजूद थे।



### लोगों को सता रही बिजली

**खड़गांव।** क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद बिजली की समस्या कम होने के बजाए बढ़ते ही जा रही है। विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी निभाते हुए व्यवस्था को दुरूस्त करने के बजाए तमाशा देख रहे है। व्यापारी संघ के तोमन साहू ने विभाग पर तीखा प्रहार करते हुए बताया कि पूरे क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी हुई है। शिकायत करने पर केवल आश्वासन मिलता है लेकिन समस्या का निदान नहीं किया जाता। आगामी दिनों बिजली विभाग की शिकायत जिलाधीश से की जाएगी। उन्होंने बताया कि आए दिन पांच ये छह बार लाइट बंद हो जाती है। हमेशा लो-वोल्टेज रहने से पंखा कूलर फ्रिज, एसी नहीं चल रहे हैं। पर्याप्त विद्युत सप्लाई नहीं होने से उपकरण खराब हो रहे है। शादी के सीजन में अचानक बिजली बंद होने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### पंचायतों में जरूरी है शिक्षित प्रतिनिधि और मतदाता

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में 24 अप्रैल को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिना साहू ने पंचायत के महत्व, शीतल ने पंचायत की कार्य प्रणाली, पल्लवी ने बेहतर पंचायती राज व्यवस्था के लिए जागरूक मतदान पर बल दिया। नेहा ने पंचायत के माध्यम से होने वाले कार्य, भावना ने ग्रामीण समस्या, मुरली ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर विचार साझा किया। अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास पर चर्चा किया। अतिथि व्याख्याता संध्या ने पंचायत के माध्यम से कार्य का सरलीकरण, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी मनोज प्रधान ने पंचायत के बारे में अवगत कराते हुए पंचायती राज व्यवस्था को बेहतर करने पर बल दिया। संचालन कर रही शुभी जैन ने शिक्षा एवं पंचायत से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। संयोजक ज्ञानेश्वर देवांगन ने कहा कि स्थानीय समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जाए। अंतिम कड़ी में प्राचार्य डॉ ठाकुर ने पंचायती राज व्यवस्था के ऐतिहासिक तथ्यों की चर्चा करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सफल बनाने के लिए शिक्षित प्रतिनिधि एवं शिक्षित मतदाता की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ हेमलता, डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, श्री पटेल, श्वेता देवांगन आदि उपस्थित थे।



### कांग्रेस विधायक ने सरकार की मंशा पर उठाया सवाल

# महिला आरक्षण पर भ्रम फैला रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महिला आरक्षण के मुद्दे पर गुरुवार को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल महिला आरक्षण के विरोधी नहीं हैं, बल्कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर भ्रम फैला रही है। विधायक बघेल ने पत्रकारों ने चर्चा करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद कानून बन चुका है। केंद्र सरकार इसे लागू नहीं कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान व्यवस्था में ही 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा महिला आरक्षण लागू करने से ज्यादा सीटों के परिसीमन पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की बात की जा रही है, जबकि 2026-27 में नई जनगणना प्रस्तावित है। ऐसे में नए आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन करना उचित होगा। विधायक बघेल ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में प्रस्तुत विधेयक में लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने का प्रस्ताव था। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बीच विशेष सत्र बुलाना केवल चुनावी स्टंट था। महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की कीमतों से ध्यान भटकाने के लिए यह कदम उठाया गया था।




#### दिखावा कर रही सरकार

प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो पारित कानून को तुरंत लागू करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल महिला आरक्षण के समर्थन में है। इस दौरान नलिनी मेश्राम, रेखा खोब्रागढ़े, किरण मेश्राम, ललिता साखरे, ममता शिंदे, निशा निर्मलकर, ऋतु निर्मलकर, निधि गजभिये, माया सिंघाड़े, हरीश भंडारी, विजयराज सिंह चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिवदर्शन के लिए मंडीपखोल गुफा में 27 को जुटेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

आगामी सोमवार को खुलने वाली मंड़ीप खोल गुफा में उमड़ने वाली भीड़ को सुविधा पहुंचाने प्रशासन के अलावा मंडीप खोल सेवा समिति के सदस्य जुटे हैं। ठाकुरटोला राज परिवार के लाल रोहित सिंह पुलस्त्य की अगुवाई में समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण व्यवस्था को दुरूस्त करने लगे हैं। सदस्यों द्वारा ठाकुरटोला से गुफा तक पहुंच मार्ग की पहचान एवं सफाई, गुफा के आस पास एवं प्रवेश द्वारा की सफाई एवं सोमवार को निकलने वाली देव यात्रा की तैयारी किया जा रहा है। प्रशासन लोगों को चिकित्सा, पेयजल, सुरक्षा, आवागमन आदि की सुविधा मुहैय्या कराने जुटा है। सोमवार को यहां होने वाले आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के संरक्षक लालरोहित सिंह, डोगेंद्र सिंह ध्रुव, ओमप्रकाश, तोरण खुशरो, कपूर यादव, कन्हैया धुर्वे, गोकुल धुर्वे, उत्तम नेताम, राजिंदर, धर्मेंद्र पटेल, सरोज डहरवाल, शाहरुख़ खान, विनोद मंडावी, दिनेश नेताम, देवेंद्र धुर्वे, रामपाल यादव, राधामोहन, तोपसिंह निषाद, नरेश धुर्वे, चंद्रकुमार, देशनी भुवन नेताम, लच्छनी सोरी, अमरलाल मेरावी, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, रेंजर संजीत मरकाम, तहसीलदार नेहा ध्रुव, जनपद सीईओ देवांगन, टीआई राजेश देवदास सहित अन्य जुटे हैं।



#### प्रशासन और समिति तैयारियों में जुटी

पर्यावरण संरक्षण की अपील- मैकाल पर्वत श्रेणियों में मंडीप खोला गुफा स्थिति है। ठाकुरटोला के बाद लोगों को जंगल एवं पहाड़ी रास्तों से होकर यहां पहुंचा जाता है। चारों तरफ मनमोहक घने जंगल एवं पहाड़, चट्टान भरा रास्ता है। जहां हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। जिनकी आस्था शिव से या गुफा के रहस्य से जूड़ा होता है। वहीं कुछ लोग अपनी भोजन व्यवस्था के साथ वनांचल को घुमने व आनंद लेने पहुंचते हैं। समिति ने यहां पहुंचने वाले लोगों से अपील किया है कि पर्यावरण सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। तथा मांस मदिरा का सेवन करने से परहेज करें। ताकि लोगों की आस्था बनी रही।

# रेलवे चौक के दुकानदारों के पुनर्वास का मुद्दा गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रेलवे चौक क्षेत्र में वर्षों से संचालित लगभग 40-50 दुकानों को हटाने के निर्देश के बाद पुनर्वास का मुद्दा गरमा गया है। पार्षद प्रीति चमन समुन्द्रे ने मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल को पत्र लिखकर दुकानदारों के पुनर्वास एवं वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि दुकानदार पिछले 50-60 वर्षों से उक्त स्थान पर व्यवसाय कर रहे हैं और उनकी आजीविका रेलवे चौक पर निर्भर है। हटाने की कार्रवाई से रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।

दुकानदारों ने यह भी स्पष्ट किया है कि रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी नियम, शर्तें और शुल्क को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। पार्षद प्रीति चमन समुन्द्रे ने रेल प्रशासन और राज्य शासन से आग्रह किया है कि दुकानदारों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द से जल्द उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके।

#### मामले में आया नया मोड़

इसी बीच इस मामले में मोड़ तब आया जब नागपुर मंडल रेलवे ने पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की जिम्मेदारी राज्य शासन पर डाल दी है। अब दुकानदारों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पार्षद ने अपने पत्र में कहा है कि दुकानदार रेलवे प्रशासन का सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें वर्तमान स्थल के आसपास या रेलवे परिसर में ही पुनर्वासित किया जाए, ताकि वह व्यवसाय जारी रख सकें।

## जहां तहां फेंक रहे मांस के अवशेष

**डोंगरगढ़।** शहर में इन दिनों चिकन दुकानों को लेकर शिकायतें सामने आ रही है। दुकानदार अवशेष को बस्ती किनारे, मार्ग में फेंकने से बीमारी फैलने की आशंका व्यक्त करते हुए पार्षद एवं अधिकारियों से शिकायत की है।

राजेश शर्मा, एनबी सिंग, राघवेंदर कुमार, जितेन्द्र, रघु यादव, रामकिशोर शर्मा, राजाराम सहित अन्य ने बताया कि मटन मुर्गा के दुकानदार अवशेष को आर्दश नगर कालोनी के पीछे जेल रोड, महावीर मंदिर, पेट्रोल पंप मार्ग सहित अन्य स्थानों पर फेंक रहे हैं। अवशेषों को खाने के लिए कुत्तों का झुंड इकटठा हो जाता है जिससे मार्ग से गुजरने वालों को परेशानी होती है। आदर्श नगर निवासी राजेन्द्र शर्मा ने पार्षद को जानकारी देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# थाईलैंड से नगर में आई बुद्ध प्रतिमा की स्थापना आज



**डोंगरगांव।** नगर के बुद्ध बिहार में कल 25 अप्रैल को थाईलैंड से आई तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना भदंतो एवं भिक्षुणियों की मौजूदगी में किया जाएगा। बुद्ध विहार निर्माण प्रबंध समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र बोरकर ने बताया शनिवार को भव्य स्थापना समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि बोधिटोला स्थित बुद्ध बिहार में 6 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा की स्थापना होगी। यह प्रतिमा प्रतिमा गगन मालिक फाउंडेशन के गगन मालिक के सहयोग से मिली है। प्रतिमा स्थापना के पूर्व शहर में धम्म वाहन रैली निकाली जाएगी। बुद्ध की प्रतिमा को एक सुसज्जित वाहन में विराजित कर शहर का भ्रमण कराया जाएगा। इस धार्मिक समारोह में भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई, भंते नागसेन, भंते धम्मविजय, भदंत धम्म बोधि, जापान के भंते भीमा बोधि, भंते धम्मप्रकाश, भंते महानाग, मुंबई के भंते धर्मशील, भंते नागवंश, भंते बुद्ध प्रिय, भंते अश्वजीत शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में बौद्ध भिक्षुणी संघप्रिय थेरी, संघमित्रा, कल्याणी, पुनिका, सुनीता, धम्मप्रिया, शिलाचारा की मौजूदगी रहेगी। इस दौरान लोक गायक सुनील बंसोड और लोक गायिका कविता वासनिक भगवान बौद्ध पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे।

श्री बोरकर एवं श्याम सुंदर ने बताया कि कल 25 अप्रैल को सुबह भदंतो की अगवानी वाहन रैली निकालकर की जाएगी। सुबह 10 बजे ध्वजारोहण, 10.30 बजे से नगर भ्रमण, 12 बजे सिद्धार्थ बुद्ध बिहार का लोकार्पण, 12. 30 बजे प्रतिमा का अनावरण, परित्राण पाठ, 2.30 बजे धम्म सभा, अतिथि उद्बोधन, शाम 4.30 बजे चीवर दान एव अतिथि सम्मान होगा।

### शाला परिवार ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

# भारतीय पब्लिक स्कूल में घोषित हुए परिणाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मानव कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल में स्थानीय परीक्षा के नतीजे शुक्रवार को घोषित किया गया। परिणाम की घोषणा सुनील पाण्डेय के आतिथ्य और पितांबर कंवर की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रतिमा साहू, बिरन्द्र राजपूत, राजेन्द्र कुंवर एवं पालक मौजूद थे। स्वागत के बाद परिणामों की घोषणा प्राचार्य ने की।

जानकारी के अनुसार नर्सरी में प्रथम ऐश्वर्य यादव, प्रियांश साहू द्वितीय, तन्मय, तृतीय डेविसा ठाकरे, कक्षा पीपी वन अ में प्रथम जीविका पटेल, द्वितीय डाकेन्द्र सिन्हा, तृतीय याशिका निषाद, पीपी वन ब में प्रथम ऐश्वर्य यादव, मानुषी निर्मलकर, द्वितीय डाकेन्द्र सिन्हा, तृतीय खुशी साहू रही। पीपी टू अ में प्रथम पूर्वी ठाकरे, द्वितीय चारू, तृतीय जेश्मिन,चंचल, पीपी टू ब में प्रथम पेयंक पटेल, द्वितीय लवयांश साहू, तृतीय कृतिक, कक्षा पहली अ में प्रथम भाविका देवांगन, द्वितीय सूर्यांशु कंवर, तृतीय लिखिता, पहली ब में प्रथम मुकेश साहू, द्वितीय प्रियांशी अष्टबंधु एवं तृतीय दिव्यांशी यदु रही। इसी प्रकार कक्षा दूसरी अ में गेयांश साहू, माही साहू, पार्थ खरे, लाव्या साहू, दूसरी ब में लवसिंह राजपूत, दीपिका निर्मलकर, डिव्यांश साहू, तीसरी अ में काव्या निर्मलकर, सिद्धि पटेल, तनिशा, तीसरी ब में अनुष्का पटेल, छवि वैष्णव, आर्यन देवांगन, वेदिका साहू, चौथी अ में कनिष्ठा, ध्रुर्वी रावटे, भूमिका उने, चौथी ब में पूर्वी भुआर्य, कनिका, आदित्य साहू, मोक्ष कंवर, छठवीं अ में युकांक्षी, विधि देवांगन, महेन्द्र पटेल, ईशांत सिन्हा, छठवीं ब में हिमांशी निर्मलकर, ओम सहारे, योगेश कुमार, सातवीं अ में श्रेयांश राजपूत, कुणाल नारंगे, तमन्ना सोनकर, सातवीं ब में प्रियंका चंद्रवंशी, अदिति साहू, तनुजा, नौवीं में प्रियंका पटेल, कुसुम देवांगन एवं कोनाक्ष साहू प्रथम तीन स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारहवीं के तीनों संकाय का संयुक्त परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम लवली हिरवानी, द्वितीय गरिमा साहू एवं तृतीय स्थान पर गीतिका साहू ररही।

सभी छात्र-छात्राओं को क मोमेंटो एवं पदक से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, दामिनी यदु, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, गौरव देवांगन, रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, रश्मि देवांगन, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, श्रुति, वीणा साहू आदि मौजूद थे।

#### परिणाम से बच्चे और पालक खुश



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल में गत दिनों वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। छात्र छात्राओं को अंकसूची प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार कक्षा नर्सरी में केन्या कोठारी ने 100 प्रतिशत, दृष्टि भुआर्य ने 98.66, कक्षा केजी 1 में सुगंधा 100, कनिका 99, केजी 2 में वर्तिका मंडले 100, ऋषभ सलामे 98.5, निष्ठा 96.5, कक्षा पहली में मौली साकरे 96.4, समीर कोला 96.2, डीविशा 93.2, कक्षा 2 मे भेवीका 96.8, कियांश गुप्ता 94.4, कपिल शर्मा 89.2, कक्षा तीसरी में प्रिंस रामटेके 89.6, हनुमंत देवांगन 86.2, कक्षा चौथी में आशिष टेकाम 96.4, चारवी देवांगन 91.2, कक्षा छठवीं में दिशा साहू 79.40, तानिया सोनकर 73.33, कक्षा सातवीं में दीपिका टेकाम 93.62, मनीष रावटे ने 94.81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सभी बच्चों को विद्या श्री विजडम स्कूल परिवार ने बधाई दी है।

### 10 जून तक नवीन नल कनेक्शन प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने के लिए निगम द्वारा नवीन नल कनेक्शन प्रदाय 10 जून तक प्रतिबंधित किया गया है। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में वार्डों में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने हेतु नवीन नल कनेक्शन निजी एवं कालोनी आवेदन पत्रों पर 27 अप्रैल से 10 जून तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई किए जाने प्रतिबंधित किया गया है।

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान: रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

# सफाई कर्मियों की फर्जी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सफाई के नाम पर फर्जी हाजरी भरकर राशि आहरण करने और सामग्री खरीदी की आड़ में लाखों गड़बड़ी कस मामला सामने आया है। सफाई व्यवस्था की जानकारी मांगने पर फाईल नहीं होने की जानकारी दी गई है। जानकारी के अनुसार सफाई के नाम पर एक साल से न तो नाली की सफाई की गई है न दवाई का छिड़काव किया गया है। कर्मचारी युनियन के मयूर हत्थेल ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मचारीयों साथ भेदभाव करने के साथ स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में कोताही किया गया है। उन्होने बताया कि कर्मिमीयों को पीईपी कीट, दस्ताने, जैकेट, साडी, दस्ताने, मोजे, मास्क आदि दो साल से नहीं दिया गया है। उनका आरोप है कि नाले सफाई करने वाले जान जोखिम में डाल कर कार्य कर रहे हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पांडुलिपियों की जानकारी साझा करे जिलेवासी

**खैरागढ़।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिलेवासियों से किसी भी प्रकार की प्राचीन या ऐतिहासिक पांडुलिपियां सुरक्षित होने अथवा उन्हें ऐसे किसी व्यक्ति, परिवार, मंदिर, मठ या संस्था के बारे में जानकारी है जहां पांडुलिपियां संरक्षित हैं तो वे इस महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। अभियान के माध्यम से पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जाएगा जबकि उनका स्वामित्व मूल धारक के पास ही सुरक्षित रहेगा। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे ज्ञानभारतम पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से पांडुलिपियों की फोटो व आवश्यक जानकारी अपलोड करें। इसके साथ ही इच्छुक नागरिक जिला प्रशासन को सीधे सूचना देकर या जिला कार्यालय में संपर्क कर भी इस सर्वेक्षण अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों की सहभागिता से जिले की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

### हटाए गए पाटिल, संभागीय उड़नदस्ता में संलग्न

**राजनांदगांव।** लगातार आ रही शिकायतों के बाद आखिरकार अपर आयुक्त आबकारी ने जिला आबकारी विभाग में पदस्थ रामसिंह पाटिल को जिले से हटाकर दुर्ग संभाग की उड़नदस्त्ता दल में संलग्न कर दिया है। ज्ञात हो कि रामसिंह पाटिल जिले में लंबे समय से जिला आबकारी विभाग में पदस्थ थे और उनकी लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। जिसको देखते ही यह एक्शन लिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला आबकारी विभाग में मुख्य लिपिक पद पर पदस्थ रामसिंह पाटिल के खिलाफ राजनीतिक दलों के साथ ही व्यक्तिगत शिकायतें भी विभाग को प्राप्त हो रही थी। जिसमें जिले में अवैध शराब के कारोबार से लेकर हाल ही में जारी हुए एक आडियो मामले में भी शिकायतें सामने आई थी। लंबे समय से विवादों से घिरे रहने के चलते उन पर एक्शन हुआ है।

### चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है।आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार प्रार्थी वतन सिंह राजपूत निवासी नंदई चौक द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 4 मार्च को वह अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित मोहला गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर आलमारी में रखे सोने के आभूषण, मोबाइल एवं अन्य सामान चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में चार आरोपियों के कब्जे से 1 नग सोने का रानी हार, 1 नग सोने का झुमका एवं 1 नग सोने का मंगलसूत्र कुल कीमती 5,72,604 रुपए को जब्त किया गया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 111, 3(5) जोड़ी जाकर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

# बिना अनुमति प्रशिक्षण के नाम पर महिलाओं को बैंगलोर भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रशासन की अनुमति के बगैर ही महिलाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के लिए बैंगलोर भेजने की तैयारी करना शाही एस्पोट्स एनजीओ को भारी पड़ गया। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने शाही नामक संस्था को प्रशासनिक आदेशों की प्रत्यक्ष अवज्ञा करने तथा हितग्राहियों की सुरक्षा, सत्यापन, निगरानी एवं वैधानिक प्रक्रियाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रशासन ने संस्था को सुस्पष्ट, तथ्यपरक, अभिलेखीय साक्ष्यों सहित एवं बिंदुवार स्पष्टीकरण सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण राजनांदगांव में प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक, भ्रामक, अपूर्ण पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कठोर एकपक्षीय कार्रवाई करते संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में किसी भी शासकीय कार्य, योजना, निविदा से पूर्णतः प्रतिबंधित करने के साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य विधिक व दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन से शाही नामक संस्था को मोबलाईजेशन की अनुमति दी गई थी, लेकिन संस्था द्वारा प्रदत्त अनुमति की शर्तों की अवहेलना, घोर उल्लंघन एवं दुरूपयोग करते हितग्राहियों को अन्यत्र स्थानों पर रोजगार उपलब्ध कराने व राज्य के बाहर भेजे जाने हेतु प्रलोभित व प्रेरित किया जा रहा है, जो अनधिकृत, नियम विरूद्ध, भ्रामक एवं प्रशासन की पूर्व स्वीकृति के अभाव में किया गया, अवैध कृत्य है।

## जिला प्रशासन द्वारा भ्रामक जानकारी फैलाने पर संस्था को नोटिस

### डरी-सहमी महिलाएं लौटी

संस्था द्वारा जिले की 6-7 महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षण के नाम पर रायपुर बुलाया गया और रायपुर पहुंचने पर महिला हितग्राहियों को बैंगलोर में प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए भेजे जाने की जानकारी दी गई। इस परिस्थिति से भयभीत होकर संबंधित हितग्राहियों द्वारा वापस लौटना पड़ा। प्रशासन का कहना है कि यह कृत्य स्पष्ट रूप से भ्रामक प्रस्तुतीकरण, विश्वासभंग एवं हितग्राहियों को गुमराह करने की श्रेणी में आता है, जो अत्यंत आपत्तिजनक है।

### कांग्रेस ने की शिकायत

इस मामले में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार जहां महिला आरक्षण के नाम पर नौटंकी कर रही है। घुमका महिला प्रशिक्षण भवन में शराब दुकान खुलवाकर महिला सशक्तिकरण को चोंट पहुंचाई है। वहीं जिले सहित प्रदेश की युवतियों को कौशल प्रशिक्षण के नाम पर रायपुर, फिर वहां से बैंगलोर भेजने के खेल को खुली छूट देकर युवतियों के साथ धोखा एवं असुरक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की जांच की मांग की गई है।

### सुनियोजित अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई

# नगर निगम की टीम ने सड़क से हटाया अतिक्रमण

## प्यारेलाल स्कूल के पास कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने तथा अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए नगर निगम द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा करने तथा अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा व पसरा लगाने, नाली के उपर अतिक्रमण करने तथा मलमा रखने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता सुनियोजित अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। टीम द्वारा दुकान का सामान अंदर रखने, अतिरिक्त लगे शेड हटाने समझाईस दी जा रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण दस्ता ममता नगर, ठा.प्यारेलाल स्कूल के बाजू से अतिक्रमण एवं कलेक्टोरेट के पास से ठेला हटाने की कार्रवाई की।

यातायात बाधित होने से दुर्घटना की संभावना तथा साफ-सफाई में अवरोध को ध्यान में रखकर एवं आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व शहर को साफ एवं व्यवस्थित रखने के दृष्टिकोण से नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला-खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में अतिक्रमण दस्ता शहर के विभिन्न स्थानों में निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर अतिक्रमण स्थल में जाकर हटाने समझाईस देने के साथ-साथ नहीं हटाने पर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के तहत ममता नगर गली नं. 5 के पास दुकान के बाहर रोड में लगे सीढ़ी को हटाया गया। इसी प्रकार ठा.प्यारेलाल स्कूल के बाजू रखे शामियाना समान हटाने के साथ-साथ कलेक्टोरेट के बाजू से ठेला हटाने की कार्रवाई की गई।



### रोड में पसरा न लगाएं

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला-खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार सड़क में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

# सलोनी उप जेल में विचाराधीन बंदियों को मिली विधिक जानकारी

## प्ली बारगेनिंग का लाभ एक बार ही मिल सकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष विजय कुमार होता और सचिव निलेश जगदल्ला के निर्देशानुसार तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा उप जेल सलोनी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर ने विचाराधीन बंदियों को प्ली बारगेनिंग के संबंध में बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा सात साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है वह अपनी सजा कम करने के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते है। अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है, लेकिन प्ली बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। एनडीपीएस एक्ट के संबंध में उन्होंने बताया कि यह अधिनियम नारकोटिक्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों के भंडारण, उपभोग, परिवहन, खेती, कब्जा, बिक्री, खरीद और विनिर्माण को विनियमित करने व्यापक कानून है।



### बचाव का अवसर संवैधानिक अधिकार

शिविर में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास आकांक्षा खलखो ने निःशुल्क व सक्षम विधिक सहायता को लेकर बताया कि यह कानून विधिक सहायता को मूर्तरूप देता है। यह कानून वैसे व्यक्ति जो निर्धनता या जाति, पंथ या लिंग संबंधी संवेदनशीलता के कारण कोई मामला दर्ज करने या मामले में बचाव करने वकील की सेवा लेने में असमर्थ है उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करता है ताकि न्यायालय में उन्हें भी वकील की सेवा मिल सकें। उन्होंने कहा कि जो विचाराधीन बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना एक आवेदन ताल्लुक विधिक सेवा समिति में जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से केस में पैरवी करने अधिवक्ता निःशुल्क नियुक्त किया जाता है। विचाराधीन बंदियों के अधिकारों को लेकर कहा कि कानून के मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता जब तक कि कोर्ट आरोपी को दोषी नहीं मानता। किसी शख्स के खिलाफ कोई आरोप लगाने पर वह आरोपी होता है। केस अदालत के सामने आने पर उसका संवैधानिक अधिकार है कि उसे बचाव का मौका मिले। पीएलवी गोलूदास साहू ने 9 मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में बताया। शिविर मे विचाराधीन बंदियों का हालचाल और उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी लेने के बाद उनकी समस्याओं को सुना गया। बंदी बैरक, वीसी कक्ष, पाक शाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जेल अधीक्षक योगेश बंजारे, प्रहरी प्रेमसागर साहू, जसवंत नायक सहित विचाराधीन बंदी उपस्थित थे।

# यश को मिली युवा मोर्चा में जिला कोषाध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





जिला भाजपा युवा मोर्चा में संगठन विस्तार करते हुए युवा नेताओं को अहम पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

युवा मोर्चा के कर्मठ कार्यकर्ता यश पारख को भाजपा युवा मोर्चा का जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं आशीष जैन को दक्षिण मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है । दोनों ही पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

युवा मोर्चा में अहम जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष यश पारख और युवा मोर्चा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष आशीष जैन ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरीहा, जिला भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष भावेश बैद, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

### अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब ने विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया। प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक के निर्देशन में गर्मी को ध्यान में रखते हुए गमले में पौधारोपण किया गया जिन्हे वर्षा ऋतु के प्रारंभ में विद्यालय प्रांगण में रोपा जाएगा।

अन्य पौधों में जल व खाद का छिड़काव किया गया। व्याख्याता टीएल देवांगन ने कहा कि सभी को प्रकृति के महत्व को समझना चाहिए। बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए पौधारोपण कर संरक्षण करना होगा। व्याख्याता रेशमी साहू ने कहा कि यदि हमें ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट से बचना है तो अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने पृथ्वी दिवस के इतिहास के बारे में बताया।

# अपर कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

## राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने गुरुवार को लालबहादुर नगर तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव के न्यायालय में अविवादित नामांतरण के 38 प्रकरण एवं नायब तहसीलदार राजेश कुमार नेताम के न्यायालय में 34 प्रकरण लंबित पाए गए, जो समय-सीमा के भीतर है। इसी प्रकार अविवादित खाता विभाजन के तहसीलदार न्यायालय में 21 तथा नायब तहसीलदार न्यायालय में 14 प्रकरण लंबित पाए गए।

निरीक्षण में विवादित नामांतरण के तहसीलदार न्यायालय में 3 तथा नायब तहसीलदार न्यायालय में 2 कुल 5 प्रकरण पाए गए। जिनमें से 4 प्रकरण समय-सीमा से बाहर थे। विवादित खाता विभाजन के 4 प्रकरणों में से 3 प्रकरण समय-सीमा से अधिक लंबित पाए गए। तहसील में सीमांकन के 6 प्रकरण लंबित होना बताया गया। जबकि जांच में 29 प्रकरण पाए गए।

### सभी प्रकरणों को दर्ज करने के निर्देश

इस पर अपर कलेक्टर ने सभी प्रकरणों को विधिवत दर्ज करने के निर्देश दिए। त्रुटि सुधार के 12 प्रकरणों में से 3 प्रकरण समय-सीमा से बाहर पाए गए। अधिकांश प्रकरण पटवारियों के जांच प्रतिवेदन हेतु लंबित पाए गए, जिस पर अपर कलेक्टर ने समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राजस्व पखवाड़े के अंतर्गत तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर में कुल 264 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से 187 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। जबकि 77 आवेदन लंबित हैं। अपर कलेक्टर ने शेष लंबित आवेदनों को शीघ्र दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयीन कार्रवाई में नियमित तिथि निर्धारण कर सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अमेरिका-इजरायल बनाम ईरान पर संगोष्ठी आयोजित

# महाविद्यालय में गूंजा पश्चिम एशिया का संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा समसामयिक वैश्विक चुनौतियों पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण पीपीटी प्रस्तुति एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय अमेरिका-इजरायल बनाम ईरान युद्ध रहा, जिसमें एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अंतरराष्ट्रीय राजनीति के जटिल समीकरणों पर अपने विचार साझा किए।



संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बढ़ते तनाव के विभिन्न पहलुओं को आंकड़ों और तथ्यों के साथ विस्तार से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के दौरान युद्ध के मूल कारणों, संघर्ष की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और हालिया सैन्य तनाव पर गहन चर्चा की गई। छात्रों ने अपने विश्लेषण में वैश्विक तेल संकट और इससे विश्व की चरमराती अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नकारात्मक असर को प्रमुखता से उभारा। साथ ही, रणनीतिक नीतियों में आ रहे बदलावों, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष खड़ी चुनौतियों और इस युद्ध की स्थिति में भारत की कूटनीतिक भूमिका एवं आयात-निर्यात पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को भी रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए गहन शोध की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने से छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय राजनीति से जुड़े विषयों पर निरंतर अध्ययन और शोध करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया।

### छात्रों की प्रशंसा

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एनएस वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि आज का दौर केवल सूचनाओं का नहीं बल्कि उनके सही विश्लेषण का है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा जटिल अंतरराष्ट्रीय समीकरणों को बेहद सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के प्रयास की प्रशंसा की। यह संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया और औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ। इस अवसर पर विभाग के अन्य प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# मनाही के बाद भी खेतों में जला रहे पराली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्रशासन ने किसानों से अपील किया था कि फसल कटाई के पश्चात पलारी को न जलाएं। फसलों के अवशेष का उपयोग पशुओं के चारा के रूप में हो सकता है। पैरा को गौशाला दान देने कहा था किन्तु इसके बाद भी किसान पलारी को जलाने से गुरेज नहीं कर रहें हैं। पलारी जलाने से पशुओं के चारा की समस्या खड़ी हो रही है वहीं दूसरी ओर आगजनी से पेड़ पौधे भी जल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों के अवशेष को जलाने से आग दूर तक फ़ैल जाती है जिसकी चपेट में अन्य फसले या पेड़ पौधे आ रहे हैं। खेत में लगी आग आगजनी का कारण बन रही है।

कृषि विभाग के अनुसार खेतों में अवशेष जलाना नुकसान दायक है। आग से भूमि की उपजाऊ शक्ति नष्ट होती है। खेतों में मौजूद जीवाश्म एवं कृषि उपयोगी तत्व नष्ट हो जाते है। विभाग ने किसानों को सचेत किया है कि कभी खेत में आग नही लगाना चाहिए। खेत में बचे अवशेष सड़ कर भूमि की उर्वरकता



### बढ़ रही आग लगने की घटना

तापमान बढ़ने के साथ क्षेत्र में आगजनी की घटना भी बढ़ गई है। ज्यादातर आगजनी घर, ब्यारा या खेत में रखे पैरावट में हो रही है। गुरूवार को कुकुरमुड़ा के एक किसान के ब्यारा में पांच एकड़ का रखे पैरावट में आग लग गई। गर्म हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी थी। आसपास काफी घर है जिससे बड़ी घटना होने की आशंका थी। दमकल नहीं मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपनी व्यवस्था के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

## सार समाचार

### सोमनी में कैंसर जांच शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव।** जिला स्वास्थ्य समिति राजनांदगांव एवं बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्तन कैंसर एवं मुख कैंसर की स्क्रीनिंग बालको मेडिकल सेंटर की कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रश्मि राय एवं टीम द्वारा किया गया। शिविर में 30 महिलाओं का मेमोग्राफी एवं पेप स्मीयर टेस्ट किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला सलाहकार एनसीडी विकास राठौर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### झूलेंद्र ने तय किया मंडल अध्यक्ष तक का सफर



**राजनांदगांव।** छात्र राजनीति से भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के अध्यक्ष का सफर तय की है। युवा मोर्चा के अध्यक्ष झूलेन्द्र वर्मा ने अपने राजनीति की शुरूआत कक्षा 5वीं में सरस्वती शिशु मंदिर बेलगांव में शालानायक के रूप में की, फिर कक्षा 10वी में सचिव और 11वीं बायो सब्जेक्ट में विज्ञान सचिव के रूप में स्कूल राजनीति में भूमिका निभाई। कक्षा 11वीं में अपने कक्षा में पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त करने के कारण उन्हें कक्षा 12वीं में हायर सेकंडरी स्कूल बेलगांव का शालानायक मनोनीत किया गया। जिसमें उन्होंने टीचरों के साथ छात्रों में अनुशासन और पढ़ाई में मजबूती के लिए कार्य किया। 2020 में झूलेंद्र वर्मा को राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच का शहर अध्यक्ष बनाया गया।

## कलेक्टर ने कन्हारपुरी पहुंचकर लिया जायजा

# एक हफ्ते में डेढ़ सौ सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव गुरुवार को दोपहर की गर्मी के बीच राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कन्हारपुरी के खेतों में पहुंचकर चल रहे सीमांकन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर के सतत निरीक्षण से जिले में पिछले एक सप्ताह में 150 से भी अधिक सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

कलेक्टर ने सीमांकन कार्य की प्रगति की जानकारी लेते संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण 30 अप्रैल तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीमांकन कार्य को सुबह या शाम के समय करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को गर्मी से राहत मिल सके। कलेक्टर ने किसानों से आवेदन की स्थिति, जमीन का रकबा और लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों



को निर्देशित किया कि विवादित प्रकरणों का सीमांकन कर रिपोर्ट तहसीलदार को प्रस्तुत करें, ताकि आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी द्वारा अवैध मांग या प्रलोभन की स्थिति में तत्काल शिकायत कर सकते हैं, ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के एक प्रकरण में संबंधित किसान को 15 दिवस के भीतर कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

### किया निरीक्षण

ग्राम कन्हारपुरी के किसान वीरेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि उनके 2 एकड़ 50 डिसमील जमीन का सीमांकन किया गया है। उन्होंने सीमांकन के लिए तहसीलदार कार्यालय में आवेदन किया था। आज राजस्व अधिकारियों और आसपास के किसानों की उपस्थिति में सीमांकन कार्य पारदर्शी तरीके से नापजोख कर किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी किसान नियमों का पालन करें। जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो और गांव में सौहार्द्र बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

### राजा दिग्विजय दास की स्मृति में कार्यक्रम आज



**राजनांदगांव।** राजा दिग्विजय दास की स्मृति में कल 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से महाकाल चौक पर श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके सामाजिक योगदान को याद करते नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। आयोजन के दौरान राजगामी संपदा न्यास के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी का सम्मान महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही शहर में बैनर-पोस्टर लगाकर राजा दिग्विजय दास के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। संस्कारधानी सेवा संस्थान द्वारा महाकाल चौक पर शरबत वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। संस्था के सदस्यों द्वारा लगभग 3000 गिलास शरबत वितरण की तैयारी की गई है। जिससे आमजन को गर्मी में राहत मिल सके।






# कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का जनाक्रोश अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को लेकर छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती शीतल नायक ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेस करते बिल पास नहीं होने को लेकर कांग्रेस पार्टी पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री शीतल नायक ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए बिल पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है कि महिलाओं को उनका 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।



### कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि आज तक नीति निर्धारण में महिलाओं को भागीदारी नहीं मिली है। 33 प्रतिशत भागीदारी के लिए अधिनियम लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने इस बिल को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने महिला विरोधी आचरण किया है और अधिनियम पारित होने से रोका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस विधेयक को देश की आधी आबादी के अधिकार में लाया था, लेकिन महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने का काम कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगी दलों ने किया है, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला विरोधी है, उनके लिए सिर्फ गांधी परिवार की महिला ही महिला है, बाकी महिलाओं के अधिकारों से उन्हें कोई मतलब नहीं है।

### विपक्ष को नहीं आया रास

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में ऐतिहासिक सुधार किया गया, जो विपक्ष के राजनीतिक स्वार्थ के कारण पूरा नहीं हो पाया।

हम देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाए थे। हमने सभी सांसदों से आग्रह किया था कि वे इस मौके को हाथ से न जाने दें। हम सब मिलकर देश को एक नई दिशा देने के लिए तैयार थे। हमारी बहन-बेटियों ने इस क्षण का इंतजार किया था। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, अमर लालवानी, रवि सिन्हा, मिथलेश्वरी वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।







# महिला आरक्षण पर भाजपा का झूठ बेनकाब, कर रहे गुमराह

■ आरक्षण नहीं, सीटों का खेल परिसीमन के नाम पर बड़ा षडयंत्र जिलाध्यक्ष : नवीन जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रेसवार्ता प्रभारी एवं डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षित स्वामी बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णु देव साय सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक जनता को गुमराह कर रहे हैं।

भाजपा लगातार यह झूठा प्रचार कर रही है कि कांग्रेस और विपक्ष के कारण महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका, जबकि सच्चाई इसके ठीक विपरीत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (128वां संविधान संशोधन) सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन चुका है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि भाजपा इस कानून को लागू करने से क्यों भाग रही है? जब 16 अप्रैल 2026 को संसद में पेश किया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से संबंधित नहीं था, बल्कि भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून में बदलाव कर अपने राजनीतिक फायदे का रास्ता साफ करना चाहती थी।

इस विधेयक में लोकसभा की सीटें 850 करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें 815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए निर्धारित करने की योजना थी। उन्होने कहा कि परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की जा रही है, जबकि सरकार खुद 2026-27 में नई जनगणना और जातीय जनगणना की बात कर रही है। ऐसे में पुराने आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की जल्दबाजी भाजपा की मंशा पर सवाल खड़े करती है। साथ ही विष्णु देव साय सरकार में महिलाएं पूरी तरह असुरक्षित हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा के गृह जिला कवर्धा में हत्या, गैंगरेप और बलात्कार जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे साफ है कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा में पूरी तरह विफल है। प्रेस वार्ता कार्यक्रम में होरीराम साहू, वीरेन्द्र सिंह जांगड़े, अशोक सिंह ठाकुर, सौखीराम साहू, मणिकांत त्रिपाठी, नारायणी टोण्डर, अन्नपूर्णा चंद्राकार, रवि चंद्रवंशी, पदुम सेन सहित पदाधिकारी व गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।




### 33 प्रतिशत आरक्षण लागू क्यों नहीं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सवाल उठाया कि यदि सरकार की नीयत साफ है तो बिना परिसीमन का इंतजार किए वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण क्यों नहीं लागू किया जा रहा? कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती तो नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संशोधन कर महिला आरक्षण को तुरंत लागू कर सकती थी, लेकिन जानबूझकर इसे 2034 तक टालने की कोशिश की जा रही है।

### महिलाओं को आरक्षण कांग्रेस की नीतियों का परिणाम

पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि पंचायत और नगरीय निकायों में महिलाओं को मिला आरक्षण कांग्रेस की नीतियों का परिणाम है, जिसकी शुरुआत स्वर्गीय राजीव गांधी ने की थी।

### कवर्धा सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। कवर्धा सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा की ऐतिहासिक जीत अंडर-16 एलीट ग्रुप में पहली बार बनाई जगह

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित अंडर-16 मेंस प्लेट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता में कवर्धा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच है। टीम ने अपने ग्रुप मुकाबलों में रायगढ़ और बिलासपुर जैसी मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भिलाई में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में कवर्धा की टीम ने कोरिया जिले को एकतरफा मुकाबले में 290 रनों के विशाल अंतर से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। इस शानदार जीत के साथ ही कवर्धा की टीम ने पहली बार अंडर-16 एलीट ग्रुप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो जिले के क्रिकेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। पूरे डेज प्रतियोगिता में कवर्धा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम की जीत में दोनों पारियों अभिनव साहू 59 रन बनाकर 09 विकेट लिए विवेक साहू ने भी 59 रन बनाकर 09 विकेट झटके, क्वार्टर फाइनल में भी विवेक ने बिलासपुर के विरुद्ध शानदार 119 रन बनाए थे, काव्यांश चंद्रवंशी ने शानदार 84 रनो का महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं साई सिंहा ने दोनों पारियों 40 एवं 45 कुल 85 रन बनाए और नमन कुमार, आदर्श देवांगन का भी विशेष योगदान रहा। इन खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से टीम को लगातार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### इसरो के युविका में अभिषेक अब भरेगा अंतरिक्ष की उड़ान

**कवर्धा।** शैक्षणिक माहौल से एक बार फिर ऐसी उपलब्धि सामने आई है, जिसने पूरे जिले को गर्व से पर दिया है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर के कक्षा दसवीं के विद्यार्थी अभिषेक खरे का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा आयोजित युवा विज्ञानी कार्यक्रम बुचिका में हुआ है। यह चयन केवल एक परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के चुनिंदा नेवाली विद्यार्थियों के बीच अपनी प्रतिभा साबित करने का परिणाम है।

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान : रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

## अनियमितता : बिडोरा धान उपार्जन केंद्र में धान की कमी का मामला

# पारदर्शिता पर सवाल, धान खरीदी में लगातार सामने आ रहे बड़े घोटाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

**खास बातें**

■ बिडोरा में 22 लाख 26 हजार 235 रूपए का धान कमी पाया गया है।

जिले में धान खरीदी व्यवस्था एक बार फिर बड़े घोटालों के कारण सुर्खियों में है। लगातार सामने आ रहे मामलों ने पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कहा है की कबीरधाम जिले में धान खरीदी सत्र 2025-26 के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने के गंभीर मामले है, यह पूरा खेल सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, जिसमें उपार्जन केंद्र से लेकर संग्रहण केंद्र और कस्टम मिलिंग तक कई स्तरों पर गड़बड़ियां की गई। हाल ही में जिले के बघर्रा, बाघामुड़ा और रमतला उपार्जन केंद्रों में जांच के दौरान लगभग 4472 क्विंटल धान गायब पाया गया, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए से अधिक का अनियमियता आया है ठीक इसके बाद नया मामला सेवा सहकारी समिति बिडोरा में 22 लाख 26 हजार 235 रूपए का धान कमी पाया गया है।

जांच कमेटी का विवरण केंद्र की जांच निम्नलिखित दल द्वारा आकस्मिक रूप से दिनांक 26 फरवरी 2026 की गई एवं खाद्य निरीक्षक सहसपुर लोहारा द्वारा जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके तथ्य निम्नानुसार है सेवा सहकारी समिति बिडोरा के अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र बिडोरा में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मे धान खरीदी प्रभारी के रूप में अर्जुन यादव पदस्थ है। वर्तमान में अर्जुन यादव खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी प्रभारी के रूप में धान खरीदी व उठाव के समम्त जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे है। इसके अतिरिक्त वे उक्त समिति में प्रभारी संस्था प्रबंधक मूल पद विक्रेता के रूप में पदस्थ है। उक्त परिसर का भौतिक सत्यापन मंडी उप निरीक्षक एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। जांच दौरान कम्प्यूटर ऑपरेटर केशवराम सिन्हा व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे, जबकि उक्त धान खरीदी प्रभारी अनुपस्थित थे।



### शासन को आर्थिक क्षति

प्राप्त तथ्यों के आधार पर धान खरीदी प्रभारी अर्जुन यादव के विरुद्ध निम्नांकित आचरण दोषपूर्ण पाया गया ऑनलाइन प्रदर्शित शेष धान मात्रा 2601836 (65045 बोरा ) क्विंटल के विरुद्ध परिसर में भौतिक रूप से 62664 बोरा (मानक वजन 40 किलोग्राम प्रति बोरा के अनुसार अनुमानित वजन 25065.60 क्विंटल धान पाया गया जो कि कुल शेष मात्रा जो की पाई जानी थी उससे कुल 952 40 क्विटल धान (2381 बोरा धान की कमी पाई गई। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य थान कॉमन हेतु 2369 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। समिति प्रबंधक और खरीदी प्रभारी के द्वारा किए गए उक्त कृत्य से शासन को गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचाई गई।

### कार्यवाही की अनुशंसा, सम्पूर्ण प्रोत्साहन राशि में कटौती की जाए

न्यायालय कलेक्टर कार्यालय को कार्यवाही की अनुशंसा में सेवा सहकारी समिति बिडोरा को शासन द्वारा धान उपार्जन हेतु प्रदाय की जाने वाली संपूर्ण प्रोत्साहन राशि की कटौती की जाए, गायब धान मूल्य 22.26.25600 रूपए की वसूली की जावे आगामी वर्ष धान उपार्जन कार्य हेतु अर्जुन यादव खरीदी प्रभारी को काली सूची में दर्ज किया जाए तथा उक्त उपार्जन केन्द्र को आगामी वर्ष संवेदनशील सूची में शामिल किया जाए, धान खरीदी प्रभारी व प्रबंधक एवं सर्व संबंधितों के उक्त कृत्य के लिए उनके विरूद्ध उपरोक्तानुसार दण्डात्मक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।



# कोठार में रखे 10 ट्रैक्टर ट्रॉली पैरा जलकर राख

■ आग लगने का कारण अज्ञात, किसान को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आगजनी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां किसान विनय शर्मा के कोठार में रखी लगभग 10 ट्रैक्टर ट्रॉली पैरा में अचानक आग लगने से पराली पूरी तरह जलकर राख हो गई।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे कोठार में रखे पैरा में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जैसे ही ग्रामीणों को आगजनी घटना की जानकारी मिली वे तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पूरा पैरा जलकर नष्ट हो चुका था।

यहां बताना लाजिमी होगा कि आगजनी घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी, लेकिन दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण दमकल वाहन समय पर नहीं पहुंच सका। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक फायर ब्रिगेड पंडरिया या जिला मुख्यालय से पहुंचता है, तब तक काफी नुकसान हो जाता है। वहीं इस आगजनी में किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई है। साथ ही पशुओं के लिए चारे की समस्या भी खड़ी हो गई है, क्योंकि अब उन्हें दोबारा पैरा की व्यवस्था करनी पड़ेगी।

### कुण्डा-दामापुर क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कुण्डा या दामापुर क्षेत्र में स्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए, ताकि 10 किलोमीटर के दायरे में किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके और इस तरह की घटनाओं में नुकसान को कम किया जा सके।

# रोजगार मेला का आयोजन 28 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम में 28 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वतंत्र माईक्रोफिन प्रा.लिमि., कुशालपुर चैक, रिंगरोड नं. 1, रायपुर द्वारा फिल्ड आफिसर के 30 पद एवं कलेक्शन आफिसर के 10 पद, श्रमिन टैलेन्ट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन के 100 पद एवं श्रीराम लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ब्रांच कवर्धा द्वारा सेल्स मैनेजर के 10 पद पर भर्ती किया जाना है।

यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है।

पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, काली मंदिर के पास, ठाकुर पारा, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है।

## महिला आरक्षण के विरोध व पीएम को कहे अपशब्द निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भाजपा ने हमेशा महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है, जबकि विपक्ष का इसका विरोध उनकी नीतिगत असंगति को दर्शाता है। इसी प्रकार परिसीमन जैसी संवैधानिक प्रक्रिया पर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसका उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और देश के संतुलित विकास को गति देना है, न कि राजनीतिक लाभ लेना। सीताराम साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने बताया कि भाजपा का मानना है कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर राजनीति नहीं, बल्कि सहमति और सहयोग होना चाहिए। साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा देश के प्रधानमंत्री के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का हम कड़ा विरोध करते हैं।

# भीषण गर्मी का कहर, 43 डिग्री पार तापमान, दिनभर लू जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्र में लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सुबह 10 बजे के बाद ही तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, जिससे आमजन घरों में रहने को मजबूर हैं।

भीषण गर्मी के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और शासकीय कार्यालयों में भी उपस्थिति कम नजर आ रही है। तहसील क्षेत्र में तापमान बढ़ने के साथ ही शीतल पेय पदार्थो की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नारियल पानी, गन्ना रस, आमरस और विभिन्न प्रकार के शरबत राहगीरों को आंशिक राहत प्रदान कर रहे हैं।

हालांकि नगर में एक भी स्थायी प्याऊ घर की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय सामाजिक संस्थाओं द्वारा सीमित स्तर पर राहत प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घड़े रखकर राहगीरों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं मवेशियों के लिए भी कोटना के माध्यम से पानी की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद व्यापक स्तर पर पेयजल सुविधा का अभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के मध्य क्षेत्र में फिलहाल गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है।



### 24 घंटे के भीतर बढ़ेगा तापमान

आगामी 24 घंटों में अधिकतम तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है। 26 अप्रैल को लू जैसे हालात बनने की आशंका भी व्यक्त की गई है। गौरतलब है कि तहसील मुख्यालय कवर्धा सहित समूचे ग्रामीण अंचल इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। आवागमन में लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में नगर एवं ग्राम पंचायतों में प्याऊ घर की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग जोर पकड़ रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और ग्राम पंचायतों में शीघ्र प्याऊ घर स्थापित किए जाएं, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।

## सहकारी समिति बदलने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अधिक दूरी की वजह से खाद-बीज व धान विक्रय में हो रही ग्रामीणों को परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत बगदई के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहतरा के किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर से नई सेवा सहकारी समिति में शामिल किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम मोहतरा को नवीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित सेमेरिया (पंजीयन क्रमांक 308) से जोड़ने अपील किया है। इसकी प्रतिलिपि उप आयुक्त सहकारी संस्था जिला कबीरधाम को भी भेजी गई है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में ग्राम मोहतरा सेवा सहकारी समिति मर्यादित गैंदपुर से संबंध है, जो गांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित है। इतनी दूरी तय कर किसानों को खाद, बीज खरीदने और धान विक्रय के लिए जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है। विशेषकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है।

### पत्र लिखकर मांग का किया समर्थन

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के क्षेत्र क्रमांक 19 के सदस्य राजेश कौशिक ने भी कलेक्टर को पत्र लिखकर इस मांग का समर्थन किया है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि गैंदपुर समिति की दूरी अधिक होने के कारण किसानों को खाद, बीज और धान विक्रय में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राजेश कौशिक ने कलेक्टर से अपील किया कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ग्राम मोहतरा को नवीन सेवा सहकारी समिति सेमेरिया में शामिल किया जाए। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी, बल्कि उनकी कृषि गतिविधियों में भी सुधार होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेसियों पर भड़के भाजपा नेता

**भाजपा की प्रेस वार्ता में विपक्ष पर तीखा प्रहार, अधिनियम को महिला सशक्तीकरण का मजबूत आधार बताया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को समाज और राजनीति में बराबरी का स्थान दिलाने का संकल्प है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शताब्दी पांडेय ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों से संभव नहीं है, इसके लिए स्पष्ट नीयत, ठोस नीति और निरंतर प्रयास जरूरी होते हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के पास हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण की जो नीति बनी है, वह छत्तीसगढ़ में भी प्रभावी रूप से जमीन पर उतर रही है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जाना महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्रीमती पांडेय ने जानकारी दी कि महतारी वंदन योजना के तहत कवर्धा जिले में अब तक 26 किश्तों में 586.70 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में सीधे हस्तांतरित किए जा चुके हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में 22,834 माताओं को 7.31 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पहले बच्चे पर 5000 और दूसरी बालिका संतान पर 6000 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे मातृत्व के सम्मान के साथ बेटियों के जन्म को भी बढ़ावा मिल रहा है।



### विपक्ष पर दोहरे चरित्र का आरोप

इस दौरान अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसके दोहरे चरित्र को उजागर किया और कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष केवल राजनीति कर रहा है। उन्होंने ने देश में लम्बे समय से कांग्रेस की सरकारें थी उसके बावजूद उनके द्वारा 33 प्रतिशत का बिल लेकर क्यों नही आए। उन्होंने कहा आज जब भाजपा इस बिल ध्वनीमत से पारित करने जा रही है तो विपक्ष के पीड़ा हो रही है। जो कांग्रेस का दोहरा चरित्र को दिखती है। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा,जिला उपाध्याय अशोक चंद्रवंशी, भाजपा जिला महामंत्री दुर्गेश ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी, मीडिया प्रभारी मोहन कश्यप सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालक का किया जा रहा प्रचार

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाएंगे। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### स्व जनगणना प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**कवर्धा।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कवर्धा विकासखंड के ग्राम बिरकोना में भी विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई, जिसमें अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा मुख्य रूप से शामिल हुए। ग्राम सभा में जनगणना 2027, मोर गांव, मोर पानी अभियान, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी, मास्टर ट्रेनर अनिल केशरवानी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा ने ग्रामवासियों को बताया कि जनगणना 2027 को विशेष रूप से ग्राम सभा से जोड़ा गया है। यह कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा।

### किसानों ने 10 दिन में भुगतान नहीं होने पर दी तालाबंदी की चेतावनी

# जिले की शुगर मिलों में भुगतान संकट, गन्ना किसान आक्रोश में

**पेराई सत्र समाप्ति के महिनो बाद भी करोड़ो का भुगतान बकाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य की शुगर मिलों में गहराते भुगतान संकट ने अब गंभीर रूप ले लिया है। खासकर कबीरधाम जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना और पंडरिया स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना की बदहाल आर्थिक स्थिति ने हजारों गन्ना किसानों को संकट में डाल दिया है। लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति भोरमदेव शुगर मिल की है, जहां किसानों का करोड़ों रुपये बकाया है। विरोध स्वरूप भारतीय किसान संघ ने कड़ा कदम उठाते हुए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) को शक्कर उठाने से रोक दिया और गोदाम में ताला जड़ दिया। इसके बावजूद किसानों को भुगतान नहीं मिलना प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च 2026 तक राज्य की चार प्रमुख शुगर मिलों में कुल 5,32,512.06 मीट्रिक टन गन्ना क्रश किया गया। गन्ना खरीदी की कुल राशि 175.22 करोड़ रुपये रही, जिसमें से केवल 91.83 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है, जबकि 83.39 करोड़ रुपये अब भी बकाया है।



प्रदेश में संचालित शुगर की स्थिति पर गौर किया जाए तो भारतीय किसान संघ के मुताबिक भोरमदेव शुगर मिल में 255,818.87 मीट्रिक टन क्रशिंग, 84.18 करोड़ खरीदी के मुकाबले 57.49 करोड़ का भुगतान तथा 26.69 करोड़ रुपए बकाया है। वहीं पंडरिया शुगर मिल में 121,721.64 मीट्रिक टन क्रशिंग, 40.05 करोड़ में से केवल 13.73 करोड़ भुगतान किसा गया है, 26.32 करोड़ रुपए का भुगतान अभी भी बकाया है। यहीं हाल प्रदेश की केरता शुगर मिल का भी यहां 22.41 करोड़ रुपए तथा बालोद शुगर मिल में 7.97 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि किसानों का बड़ा हिस्सा आज भी अपने मेहनत की कमाई के लिए भटक रहा है।

### भाजपा सरकार पर उठे सवाल

इस पूरे मामले को लेकर प्रदेश की विष्णूदेव व केन्द्र की मोदी भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। किसानों का आरोप है कि सरकार बड़े-बड़े वादे तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान उपेक्षित हैं। भुगतान के लिए तय 15 दिन की समयसीमा का खुला उल्लंघन हो रहा है, फिर भी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

### गन्ना उत्पादक किसानो ने दी चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने सरकार के खिलाफ तीखा रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि 10 दिनों के भीतर पूरा भुगतान नहीं किया गया, तो सभी शुगर मिलों के गोदामों में ताला बंद कर दिया जाएगा और प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि किसानों के अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं निकाला, तो हालात और उग्र हो सकते हैं। कबीरधाम जिले की शुगर मिलों का संकट अब केवल स्थानीय समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रदेश के किसान तंत्र की बड़ी विफलता का प्रतीक बन चुका है। यदि समय रहते किसानों को उनका हक नहीं मिला, तो यह मुद्दा व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने प्रशासन सख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कबीरधाम जिला प्रशासन ने अवैध परिवहन और कालाबाजारी के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है।

कृषि विभाग ने जिले से बाहर उर्वरकों के अवैध निकासी, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने हेतु पुलिस विभाग को पत्र जारी कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उप संचालक कृषि, जिला कबीरधाम द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सहकारी समितियों और निजी थोक व फुटकर विक्रेताओं को केवल जिले के किसानों को ही उर्वरकों का विक्रय करना अनिवार्य है। जिले से बाहर या अन्य राज्यों में उर्वरकों की बिक्री पूर्णतः अवैध मानी जाएगी। कृषि विभाग ने आशंका जताई है कि कुछ क्षेत्रों में उर्वरकों का अवैध परिवहन कर बाहरी बाजारों में खपाया जा रहा है, जिससे स्थानीय किसानों को परेशानी हो सकती है। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार रेंगाखार, झलमला, कुकदूर, चिल्फी, लोहारा और दशरंगपुर थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए अवैध परिवहन पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं, यह भी सामने आया है कि जिले के कुछ अन्य थाना क्षेत्रों कवर्धा, पंडरिया, कुण्डा, पिपरिया, पोड़ी, पांडातराई, बोड़ला, रवेली, सिंघनपुरी जंगल, भोरमदेव और राजानवागांव को भी इस संबंध में निर्देश जारी किए जाने की आवश्यकता जताई जा रही है, ताकि पूरे जिले में प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# जिले के 872 जरूरतमंदों को मिली 97 लाख 5 हजार की आर्थिक सहायता



■ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के 872 जरूरतमंद नागरिकों को कुल 97 लाख 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान एवं उपमुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जिले के जरूरतमंद नागरिकों के लिए स्वेच्छा अनुदान प्रदान करने का आग्रह किया था। जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 402 हितग्राहियों को 45 लाख 25 हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की गई। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने स्वेच्छा अनुदान मद से 470 हितग्राहियों के लिए 51 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस प्रकार कुल 872 हितग्राहियों को 97 लाख 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। सभी हितग्राहियों को उपमुख्यमंत्री कार्यालय कवर्धा में चेक के माध्यम से सहायता राशि का वितरण किया जा रहा है। चेक वितरण के दौरान नरेन्द्र मानिकपुरी, अमर कुर्रे, ओमकार साहू एवं लोकचंद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए कठिन समय में एक मजबूत सहारा बनकर आई है।

कई हितग्राहियों ने बताया कि वे लंबे समय से आर्थिक परेशानी से जूझ रहे थे, लेकिन अब उन्हें राहत मिली है। इस सहयोग से वे अपने जरूरी कार्यों को पूरा कर पाएंगे और अपने परिवार के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। हितग्राहियों ने यह भी कहा कि सरकार की यह पहल से उनमें नई उम्मीद जगी है और उन्हें विश्वास हुआ है कि शासन उनके साथ खड़ा है।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बोड़ला।** कबीरधाम पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को सकुशल बरामद किया है। तकनीकी साक्ष्यों और सुनियोजित रणनीति के आधार पर की गई



इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली कवर्धा के थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। प्रार्थी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 22 जून 2025 की रात घर से बिना बताए लापता हो गई है। इस पर अपराध क्रमांक 269/2025 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान सायबर सेल की मदद से संदेही के मोबाइल नंबर का सीडीआर और लोकेशन विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर पुलिस टीम जिला बलौदाबाजार के थाना पलारी क्षेत्र स्थित ग्राम अमेरा पहुंची, जहां 21 अप्रैल 2026 को पीड़िता को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ी गई। चिकित्सकीय परीक्षण में पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है तथा डीएनए परीक्षण की अनुशंसा की गई है। आरोपी दीनानाथ साहू (23 वर्ष), निवासी ग्राम कुची, थाना गिद्धपुरी, जिला बलौदाबाजार को 22 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है। उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड की कार्रवाई की जा रही है। कबीरधाम पुलिस ने महिला एवं बाल अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर जोर देते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

# संकुल परिवार कवर्धा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में शिक्षा जगत के तीन स्तंभों अश्वनी शर्मा, अनुज चन्द्रवंशी और लाला गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर संकुल परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया। इस अवसर पर संकुल परिवार के सदस्यों ने फूल-मालाओं और स्मृति चिह्नों के साथ अपने वरिष्ठ साथियों को विदा किया।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों ने अपने दशकों लंबे अनुभव साझा करते हुए पुरानी यादें ताजा किया। उन्होंने बताया कि उनके शुरुआती सेवाकाल में आज की तरह सुविधाएं उपलब्ध नहीं था। आवागमन के साधन सीमित थे और स्कूलों में बुनियादी संसाधनों का अभाव था। इन चुनौतियों के बावजूद शिक्षा की लौ जलाए रखा। शिक्षकों ने वर्तमान पीढ़ी को सलाह दिया कि एक आदर्श शिक्षक के लिए समय का पाबंद होना, अनुशासनप्रिय बने रहना और निरंतर अध्ययनशील रहना अनिवार्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विद्यालय का सफल संचालन स्टाफ और समुदाय के आपसी तालमेल पर निर्भर करता है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने मार्मिक संदेश दिया कि मनुष्य को सदैव अपने कर्मों के प्रति ईमानदार रहना चाहिए, क्योंकि जीवन में हमें अपने कर्मों के अनुरूप ही फल प्राप्त होता है।

संकुल प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने तीनों शिक्षकों के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा किया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना पश्चात अतिथियों के आत्मीय स्वागत से हुआ। मंच का कुशल संचालन सहायक शिक्षक देवदास धृतलहरे ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षकगण कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, बलवंत ठाकुर, पुष्पनी पैकरा, क्षमा वर्मा, संजू वर्मा, चंद्रप्रभावती ठाकुर, भारती चंद्रवंशी, रामेश्वरी राजपूत, भारती बंजारे, प्रभा कौशिक, संगीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब कवर्धा ने आयोजित की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लायंस क्लब ने शुक्रवार 24 अप्रैल को डीएफओ कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में पर्यावरण संरक्षण एवं हमारा कर्तव्य विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य अतिथि कबीरधाम के डीएफओ निखिल अग्रवाल थे, विशिष्ट अतिथि वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी अभिनव केशरवानी थे व अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने की। मुख्य अतिथि की आसंदी से अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर वन विभाग के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वन मंडल की ओर से किसान मित्र योजना के तहत ग्रामवासियों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जाते हैं और इनके संरक्षण के लिए राशि भी दी जाती है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

**कार्रवाई : नगर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाने प्रशासन सख्त**

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर में लंबे समय से जाम और अव्यवस्था का कारण बने सड़क किनारे अतिक्रमण पर नगर पालिका एवं प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी राहत प्रदान की है। यात्री प्रतीक्षालयों के सामने फैले ठेले-टपरी हटाए जाने के बाद प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। ठाकुर देव चौक, बिलासपुर रोड और नंदी चौक क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के बाद सड़कें पुनः अपने मूल स्वरूप में लौट आई हैं।

पहले जहां सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण के कारण आधी रह गई थी, वहीं अब वाहन बिना किसी बाधा के आवागमन कर पा रहे हैं। इससे रोजाना जाम से जूझने वाले नागरिकों और यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। राजस्व प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद यातायात सुचारु हो गया है और प्रतीक्षालयों का उपयोग अब सुरक्षित व व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। पूर्व में यात्रियों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती थी और सड़क किनारे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।



### सख्ती से बदली व्यवस्था

बिगड़ते हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन और नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई के दौरान एक-एक कर सभी ठेले हटाए गए। मौके पर पुलिस बल की तैनाती के कारण कार्रवाई शांतिपूर्ण रही और क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया गया।

### जारी रहेगा अभियान : नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। राजस्व प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पहले मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है, इसके बाद शहर के अंदर भी जहां-जहां व्यवसायिक अतिक्रमण से यातायात बाधित हो रहा है, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महिला प्रकोष्ठ कार्यशाला में स्वच्छता पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में शुक्रवार को एक-दिवसीय महिला प्रकोष्ठ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्राचार्य डॉ. श्रीमती केएस परिहार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। महिला प्रकोष्ठ समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। महाविद्यालय में छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए महिला प्रकोष्ठ समिति का गठन किया गया है, जो महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापिका श्रीमती मोना बर्मन, सुश्री अंजू महोबिया, सुश्री काजल साहू, डॉ. ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती आभा जोशी, डॉ. खिलेश्वरी चंद्रवंशी, सुश्री लक्ष्मी धुर्वे सहित एनएसएस, एनसीसी, रेड क्रॉस, रेड रिबन और अन्य छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।